भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 2786

उत्तर देने की तारीख : 12.12.2024

निर्यात में एमएसएमई का योगदान

2786. श्री थरानिवेंथन एम.एस. :

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार के पास पिछले पांच वर्षों के दौरान देश के कुल निर्यात में तमिलनाडु में एमएसएमई के योगदान के प्रतिशत का ब्यौरा है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा करांदलाजे)

(क) और (ख) : दिनांक 30.11.2024 तक, उद्यम पंजीकरण पोर्टल पर पंजीकृत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों की वर्षवार संख्या **3.13 करोड़** है। अखिल भारत और तमिलनाडु राज्य में निर्यातक उद्यमों और उनका निर्यात मूल्य क्रमशः नीचे दिया गया है:

दिनांक 01/07/2020 से दिनांक 30/11/2024 तक अखिल भारत की तुलना में तमिलनाडु राज्य में उद्यम के तहत रिपोर्ट किए गए वित्तीय वर्षवार कुल निर्यातक एमएसएमई और उनका संबंधित निर्यात मूल्य (करोड़ रुपए में)

वित्त वर्ष	**अखिल भारत**		**तमिलनाडु**	
	निर्यातक एमएसएमई	**निर्यात मूल्य**	**निर्यातक एमएसएमई**	**निर्यात मूल्य**
2020-21 (दिनांक 01/07/2020 – दिनांक 31/03/2021)	52,849	3,95,354.15	6,065	45,753.58
2021-22	96,769	5,96,557.49	10,843	71,609.49
2022-23	1,21,159	8,55,057.41	12,920	93,221.27
2023-24	1,53,274	14,05,403.61	15,268	1,48,157.88
2024-25 (दिनांक 30/11/2024 तक)	1,73,350	12,39,770.67	16,980	1,27,090.80

*****